# <u>प्रकाशनार्थ</u>

## <u>आनन्द कालेज में हुआ 30 छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट</u>

आगरा :– शारदा ग्रुप के आनंद इंजीनियरिंग कालेज, आगरा के हुये कैम्पस प्लेसमेंट के दौरान शारदा ग्रुप के 30 छात्रों को जस्ट डाइल कंपनी द्वारा चयनित किया गया। जिसमें आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के 12 छात्र, हिन्दुस्तान इन्स्टीट्यूट एडं मैनेजमेंट के 11 छात्र तथा हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज के 07 छात्र को चयनित किया गया।

इस कंपनी में बी.टेक. तथा एम.बी.ए. संकाय के चयनित छात्रों को ग्रुप डिस्कशन दौर एवं साक्षात्कार के उपरान्त ऑफर लैटर भी साथ के साथ प्रदान किये गये।

उपयोगकर्ताओं के लिए तेजी से, मुफ्त, विश्वसनीय और व्यापक जानकारी प्रदान करना और विक्रेताओं की खरीदारों को जोड़ने वाली कम्पनी में चयन पाकर छात्रों में विशेष उल्लास देखने को मिला।

कंपनी की एच.आर. मैनेजर स्मिता दुबे एवं ऑपरेशन हैड राहुल सैनी ने आनन्द कॉलेज की व्यवस्थाओं एवं छात्रों की तैयारी पर हर्ष प्रकट किया।

कालेज के निदेशक डा0 अनिल किशोर ने जस्ट डायल में चयनित छात्रों को बधाई देते हुये बताया कि कालेज के द्वारा छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए विभागों द्वारा समय–समय पर गेस्ट लेक्चर, औधोगिक भ्रमण एवं अतिरिक्त कक्षायें करायी जाती हैं, जिनके परिणाम कालेज एवं छात्रों की प्रगति के रूप में देखने को मिल रहे हैं।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभागाध्यक्ष ने कम्पनी से आये हुये प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रदीप महाथा ने छात्रों को उनके चयन के लिए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।